Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 संख्या – 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध–21 / 2020..11419.... / 2020..............

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवाल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल,
सहरसा, मधेपुरा, पश्चिम चम्पारण, बाँका, जमुई, शेखपुरा,
मुंगेर एवं नालन्दा।

पटना, दिनांक :– 08-12-2020

विषय :– नवपदस्थापित संविदा कर्मियों द्वारा त्याग–पत्र दिए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत आपके नियंत्रणाधीन बन्दोबस्त कार्यालय में नवनियोजित विभिन्न संविदा पद :– यथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक का पदस्थापन किया गया।

नवपदस्थापित संविदा कर्मियों में कतिपय कर्मियों द्वारा सेवा से त्याग–पत्र देने की सूचना या तो निदेशालय सीधे प्रेषित की जा रही है या संबंधित कार्यालय के माध्यम से निदेशालय को प्राप्त हो रहे है। उक्त के आलोक में निदेशालय स्तर पर पदस्थापित कर्मियों द्वारा दिए जा रहे त्याग–पत्र को स्वीकृत करने से संबंधित अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त निष्कर्ष निकाला गया कि संबंधित कर्मी अपना त्याग–पत्र देने वाले कर्मी को प्रभार के रूप उपलब्ध कराये गए सामग्री / अभिलेख वापस लेकर, इस सूचना के साथ निदेशालय के प्रस्ताव उपस्थापित करेंगे कि त्याग–पत्र देने वाले संबंधित कर्मी के पास प्रभार में कोई सामग्री / अभिलेख नहीं है। इसे निम्न प्रारूप में निदेशालय भेजने की कार्रवाई की जाय :–

क्र0	कर्मी का नाम	पदनाम	Employee ID	पदस्थापन आदेश संख्या एवं दिनांक	त्याग–पत्र में अंकित कारणों की संक्षिप्त विवरणी	प्रभार में प्राप्त सामग्री / अभिलेख वापस किया गया है या नहीं	कर्मी पर कोई देयता है या नहीं	त्याग–पत्र स्वीकृत करने योग्य है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7	8	9

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध–21 / 2020..11419 **पटना, दिनांक :–** 08-12-2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित प्रभारी पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) / सभी संबंधित नवनियोजित संविदा कर्मी को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

F:\Dev- 2020\Rakesh Ariya\Director\ -2020-02-12-2020-2.doc